# संयुक्त कर्मचारी संगठन का अधिवेशन आयोजित




जालोर में संयुक्त कर्मचारी संगठन राजस्थान रोडवेज को यासीन चढवा ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर संयुक्त कर्मचारी संगठन राजस्थान रोडवेज जालोर के बैनर तले बुधवार को नौवे चरण का पांचवा अधिवेशन केंद्रीय बस स्टैंड जालोर पर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का संयुक्त कर्मचारी संगठन के सेवानिवृत्त मोहम्मद यासीन चढवा सहित सदस्यों द्वारा माला, साफा एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। वही एटक के भूतपूर्व प्रांतीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इस्माइल खान की अध्यक्षता में प्रोग्राम आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न संगठन के नेताओ द्वारा अपने उदबोधन में रोडवेज कर्मचारियों व मुख्य प्रबंधक जालोर, प्रबधक यातायात जालोर की सराहना करते हुए राजस्थान रोडवेज के वर्तमान संचालन को सहरानीय बताया। वर्तमान सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए राजस्थान में कोई भी सरकार आये कर्मचारियों के विरुद चलने की बात कही । इस दौरान एटक के पूर्व प्रदेश महासचिव धर्मवीर चौधरी द्वारा अपने उध्बोधन में कर्मचारियों की 21 सूत्री मांगें मनवाने को लेकर संगठन को मजबूत होकर संघर्ष करने की बात कही। वहीं दो हजार नई बसे राजस्थान रोडवेज को, दस हजार नए कर्मचारियों की भर्ती, सातवां वेतन आयोग राज्य कर्मचारियों के समान दिया जाये। अगर सरकार रोडवेज को बंद करती है, तो रोडवेज कर्मचारियों को राजस्थान सरकार रोडवेज एवं रोडवेज कर्मचारियों को अपने अधीन राज्य सरकार में शामिल करने की बात कही। अलग -अलग संगठन के नेताओं के द्वारा सरकार के ऊपर कई आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए 21 सूत्री मांगों को लेकर सरकार के विरोध में विरोधाभास जाहिर किया। वहीं उदबोधन में धरवीर चोधरी प्रदेश महासचिव एटक, राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिलाध्यक्ष दलपत सिंह आर्य, धनराज दवे पेंशनर समाज अध्यक्ष, शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जालोर सहित कई नेताओं के द्वारा उदबोधन दिया गया। सभी नेताओं ने अपनी 21 सूत्री मांगे मनवाने की बात पर जोर दिया तथा नौवें चरण के इस अधिवेशन अभियान के अंतर्गत पांचवें चरण के प्रदेश अधिवेशन में एटक, इंटक व सीटू कल्याण समिति श्रमिक संघटनो के नेतागणों द्वारा सम्बोधित किया गया ।अगर सरकार द्वारा 21 सूत्री मांगों को मंजूर नही करती है तो यह संघर्ष अधिवेशन के नौवे चरण तक जारी रखने की बात कही । वही जालोर आगार के मुख्य प्रबंधक यातायात के कार्यो स्थानीय संगठन के नेताओ ने उनके कार्य और व्यवहार की सराहना की।

इस दौरान राजस्थान राज्य रोडवेज एटक, इंटक, सीटू सहित प्रदेश के विभिन्न संगठनों के नेताओ में अल्प संख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष रमजान खान, अनवर खान, बरकत खान लोहार , विनोद आर्य, मोहम्मद शरीफ रिटायर्ड एम्पलॉयर एसोसिएशान सचिव, जोरावर सिंह अध्यक्ष रिटायर्ड एम्पलॉयर एसोसिएशनन, जालोर आगार के सेवानिवृत्त किशन सिंह बालावत, इंद्र सिंह धवला,चालक भोमा राम,रिडमल सिंह, नत्थू खान,भंवर सिंह भायल सहित राजस्थान सेवानिवृत व सेवारत कर्मचारी मौजूद थे।

मंच संचालन रोडवेज सेवानिवृत्त एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मद यासीन चढवा ने किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

## डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित को पुरस्कार



डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित

**जोधपुर**, (कासं)। ज्ञान भारती संस्थान द्वारा प्रदत्त राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा-साहित्य का प्रतिष्ठित साहित्यिक अवार्ड गौरीशंकर कमलेश स्मृति भाषा-साहित्य पुरस्कार 2022 राजस्थानी कवि- आलोचक डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित को उनकी आलोचना कृति राजस्थानी साहित्य री सौरम के लिए घोषित किया गया है । संस्थान के सचिव जितेन्द्र कुमार निर्मोही ने बताया कि ज्ञान भारती संस्थान द्वारा आगामी 20 नवम्बर को कोटा में साहित्यिक सम्मान समारोह में डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित को ग्यारह हजार रुपए, प्रशस्ति-पत्र, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि जेएनवीयू में राजस्थानी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं बाबा रामेदव शोधपीठ के निदेशक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित की प्रकाशित पुस्तकों में राजस्थानी साहित्य री सौरम (आलोचना ), पळकती प्रीत ( काव्य), जस रा आखर (काव्य) , राजहंस (शोध), आत्मदर्शन (स्मृति ग्रंथ), ऊमरदान लाळस (विनिबंध) उल्लेखनीय है।

## सुरक्षा के मापदंडों को परखा

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। अल्ट्राटेक नाथद्वारा सीमेंट की सिरोही जिले में आमली और ठंडीबेरी चूना पत्थर खदानों में आज खान सुरक्षा सप्ताह के के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर सुरक्षा निदेशक बी दयासागर ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट की माइंस सुरक्षा के नये मापदण्ड स्थापित करती हैं साथ ही कहा कि सुरक्षा सप्ताह एक दूसरे की अच्छी सुरक्षा पद्धतियों को जानकर अपनाने का एक मंच है और इसका सभी को ज्यादा से ज्यादा फायदा उङ्गाना चाहिए अल्ट्रा सीमेंट के अध्यक्ष सीपीएस चौहान ने कहा कि सुरक्षा के संदर्भ मे सभी सुझावो को अपनाने का प्रयास करते हुए सुरक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। वही इस अवसर पर देश की भावी पीढ़ी के बच्चों में सुरक्षा के लिए जागरूकता के लिए कम्पनी ने आदित्य बिरला पब्लिक स्कुल, जहमाफली और वरली खुणा प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। आमली माइंस में आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूकता के लिए एक मॉक ड्रिल भी की गई जिसमे आग लगने पर सभी जिम्मेदार अधिकारी तुरंत ही मौके पर पहुंचकर बखूबी आपातकालीन स्थिति से निपटते हुए सफल तरीके से आग पर काबू पाया। इस मॉक ड्रिल से उच्च अधिकारियों ने प्रशंसा की। खान प्रमुख गजेन्द्र सिंह प्लांट फंक्शनल हेड अभिजीत जैन, योगेश भट्ट, नंद कुमार एवं सेफ्टी हेड अजीत सिंह राजेन्द्र सिंह मेडतिया विभागाध्यक्ष मोनल राजपरा सहित कई सेफ्टी प्लांट के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## गौमाता के संग मनाई देव दिवाली

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् , जालोर की ओर से मंगलवार, कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली एवं प्रकाश पर्व गुरू नानक जयंती के पावन अवसर पर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित शांतिनाथ आदर्श गौशाला में सेवा प्रकल्प के तहत एक गोसेवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी , शाखा कोषाध्यक्ष वेलाराम चौधरी, संतोष कुमार दवे व ओमप्रकाश बाहेती सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता का प्रतीकात्मक रूप से कुमकुम का तिलक लगाकर माला व धूप दीप अर्पित कर पूजन कर देव दीपावली का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर गौशाला में परिषद् की ओर से गौशाला में गोवंश के लिये पशु आहार व 111 किलोग्राम गुड़ प्रदान किया गया। गौशाला के प्रभारी ने सभी का अभिनंदन कर गोशाला प्रबंधन कार्यों की जानकारी दी और बताया कि इस गौशाला में करीब ढाई सौ गोवंश है । परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि गोवंश की सेवा एक पुण्य कार्य है। गाय हमारी संस्कृति की पहचान है । इसकी सेवा एवं संरक्षण से समाज तथा राष्ट्र में खुशहाली और समृद्धि आती है। इस कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, शाखा कोषाध्यक्ष वेलाराम चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार दवे, इन्जि. ओमप्रकाश बाहेती , उषा देवी सहित परिषद् सदस्य तथा जगदीश माली, गोपालक केसाराम देवासी व गणेशाराम देवासी आदि उपस्थित थे।

## गैर आवासीय ब्लॉक प्रशिक्षण शुरू

**आबूरोड**, (निसं)। सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा विषय पर तीन दिवसीय गैर आवासीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (अर्बुदशाला) आबूरोड में प्रारंभ हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आबूरोड भोपाल राम पुरोहित , सागर भाई अग्रवाल क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श यात्री समिति सदस्य उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर , बसंत भाई प्रजापति रेलवे पैसेंजर एसोसिएशन अध्यक्ष, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरभि सिंहल, नरेन्द्र सिंह भाटी- सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य , अखिल चतुर्वेदी आर पी, पूर्णिमा परिहार आर पी, सहायक लेखाधिकारी मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण में आबूरोड ब्लॉक की प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों को सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा विषय पर तीन दिन विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में हंसा मीणा ,ऐन्जलिका रश्मि ,तरुणा गुर्जर, गणेश बामणिया, टाटा ट्रस्ट के सोनल परिहार,सरोज छीपा द्वारा आबूरोड ब्लॉक के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सीमा राठौड , प्रिति जोशी, नरोत्तम सिंह मीणा, भावना रानी, मगनलाल , प्रागाराम परमार, डूंगर सिंह देवडा, गीता अग्रवाल , बीना कनोजिया, महेन्द्र कुमार रावल, जमनाराम, रेखा, खुश्बु,ज्योति, लीना,सरस्वती उपस्थित रहे।

## जीरा तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित

**गुड़ामालानी**, (निसं)। कृषि विज्ञान केंद्र गुड़ामालानी पर बुधवार को एक दिवसीय जीरा तकनीक पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र गुडामालानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ. बी.एल. मीणा ने बाहर से आये हुए सभी आगंतुक मेहमानों का स्वागत करते हुए सभी किसानों को बताया कि बाड़मेर जैसलमेर जिले में जीरा एक उन्नत मसाला फसल है, जो कि यहां के किसान बहुतायत में लगाते हैं। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. कुमार ने जीरे में होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनके प्रबंधन के बारे में किसानों को बताया। डॉ. एस.एस. मीणा प्रधान वैज्ञानिक राष्ट्रीय मसाला अनुसंधान केंद्र अजमेर ने आए हुए किसानों को जीरे की फसल के बीज उपचार तथा अन्य तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ.बी. एल. जाट ने जीरे के विभिन्न रोगों के प्रबंधन के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. आर. डी. मीणा वैज्ञानिक ने जीरे की फसल के मार्केटिंग और उचित प्रबंधन के बारे में किसानों को सलाह दी। इस दौरान डॉ. एम.डी. मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए इस दौरान साउथ एशिया बायोटेक्नोलॉजी सेंटर जोधपुर के डा. नरूला, डॉ. नेहा ने भी विचार व्यक्त किए, इस दौरान डा. गीतेश मिश्र, गंगा राम माली, तुरफान खान, डा.रावता राम आदि उपस्थित रहे हैं।

## अम्बेडकर वाल्मीकि संस्था की बैठक

**जालोर**, (कासं)। डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर वाल्मीकि विकास सेवा संस्था जालोर की आम बैठक सेवानिवृत आईएएस अधिकारी पी. आर. पण्डत की अध्यक्षता में सोनगरा बालोद्यन जालोर में आयोजित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में नव निर्वाचित अध्यक्ष खेत पाल परमार ने सभी की सहमति से कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें मुख्य सरक्षक जगदीश राम वाघेला, संरक्षक डूंगाराम वाघेला, सहसंरक्षक सोनाराम कटारिया, संयोजक एवं सलाहकार इन्द्र मल बारासा, अध्यक्ष खेत पाल परमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र सोलंकी एवं दिनेश कुमार वाघेला को बनाया गया। वही उपाध्यक्ष नरपत जोड, तेजकिरण वाघेला, भोपाराम परमार, अशोक सोलंकी, महासचिव छगनलाल सोलंकी, सचिव ओमप्रकाश परमार, कोषाध्यक्ष राकेश परमार, संगठन मंत्रा श्याम लाल परमार, विधि मंत्री अनिल कुमार पन्डत एवं छगनलाल वाघेला सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई एवं समाज हित में प्रस्ताव लेकर अनुमोदन किया गया।

## शिविर लगाया

**आबूरोड**, (निसं)। सिरोही जिले में कुपोषण एवं एनिमिया की दर को नियंत्रित करने के लिये अति कुपोषित बच्चो के उपचारार्थ निचलागढ में 14 दिवसीय शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक आबू, पिण्डवाडा समाराम गरासिया, प्रधान लीलाराम गरासिया एवं जिला कलेक्टर डॉ. भंवरलाल की अध्यक्षता में माँ सरस्वती का द्वीप प्रज्जवलन किया गया।

विधायक समाराम गरासिया ने शिविर का लाभ लेने तथा अच्छे पोषण की जानकारी प्राप्त कर अच्छा पोषण करने के बारे में उपस्थित बच्चों की माताओ से अपील की। सिरोही कलैक्टर डॉ. भंवरलाल ने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुये बच्चो को दिये जाने वाले पोषक तत्वो के बारे में जानकारी दी एवं कम उम्र में शादी नही करने के बारे में भी जानकारी दी क्योकि कुपोषित बच्चे कम उम्र में शादी करने से भी होते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि सिरोही जिले को आशान्वित जिला घोषित किये जाने से वन डिस्टीक वन प्रोग्राम की तर्ज पर जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चो का सर्वे निचलागढ में करवाया गया था।

## जलाराम धाम में जुंझारजी के भजन गूंजे

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। रानीवाडा के पास जलारामधाम में जुझार बावसी के पालिए पर भव्य भक्तिसंध्या का आयोजन किया गया। पूरी रात्रि चलने वाली इस भजन लहरी में प्रसिद्ध भजन कलाकार टीना चौहान सहित रमेश प्रजापत ने अपनी कला का जादू बिखेर कर पूरी रात भक्तों को बांधे रखा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त में जुंझारजी के पालिया स्थान पर विधिवत पंडितों के मंत्रोच्चार और मीर मिरासियों के राग व ढ्ोल नगाड़ों के साथ ध्वजारोहण करवाया गया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन सवाईसिंह जसोल व बाडमेर भाडका काकोसा देव के भक्त सुरेश जैन सूरत की निश्रा में किया गया।

इससे पहले सोमवार 7 नवंबर शाम को जुझार श्री सरदारसिंहजी राव के पालिए पर नागसिंहजी राव परिवार की ओर से पंडित शातिलाल महाराज के द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें अदाणी और सोनावत परिवार की ओर से आहूतियां दी गई। बाद में प्रसादी का आयोजन कर रात्रि 9 बजे भजन कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया। प्रसिद्ध भजन व गरबा कलाकार टीना चौहान, रमेश प्रजापत और हरीश राठौड़ ने जलारामधाम में पूरी रात तक अपनी कला का जादू बिखेर कर सभी श्रौताओं को बांधे रखा। रात्रि को रमेश पुरोहित व रमेश प्रतापत ने भजनों पर नृत्य कर श्रौताओं को भी झूमने के लिए मजबूर कर दिया। ज्यादातर माझीसा जसोल, जुझारजी और सवाईसिंह के भजनों को पसंद किया गया। सुबह ध्वजारोहण, मूर्ति पूजन और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस मौके पर प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवड़ा, संत गोविंदभारती महाराज, डॉ. भाणाराम बोहरा, गणेश देवासी, हरजीराम देवासी, गिरीश श्रीमाली, आसूराम, विजय जैन, नागसिंह मोरवाड़ा, दीपसिंह, देवीसिंह, कुलदीपसिंह, भंवरसिंह धानोल, नारणाराम देवपुरा, नरपतसिंह, तनुसिंह देवड़ा, मोंटुसिंह, रमेश पुरोहित, शांतीलाल, वंसत महाराज, पाताराम प्रजापत, विक्रमसिंह अदाणी सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

## शहरी विकास कार्यों की समीक्षा

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में बुधवार को शहर के सुनियोजित विकास के लिए गठित जिला स्तरीय सिटी डेवलपमेंट काउंसिल की बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि शहर के स्वरूप निखारने के लिए शहर के मुख्य चौराहों, मुख्य मार्गो व प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर विभिन्न विकास कार्यो को प्राथमिकता दें। मेहता ने वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की एवं नये विकास कार्यों की टेंडर व अन्य प्रक्रिया जल्द शुरू कर विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। नगर परिषद के अधिकारियों को अस्थाई अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने व सड़कों के किनारे से मिट्टी हटाने व लाइनिंग करने , साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ करने व बाजार की साज सज्जा करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर सीलिंग जब्बर सिंह, नगर विकास न्यास के सचिव वीरेंद्र सिंह चौधरी, नगर परिषद् आयुक्त विनयपाल, पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन दिलीप परिहार सहित कई जने मौजूद रहे।

## विधिक सेवा दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर की ओर से बुधवार को ''एमपॉवरमेंट ऑफ सिटिजन थ्रू लीगल अवेयरनेस एंड आउटरीच तथा हक हमारा भी तो है'' कार्यक्रम के तहत विधिक सेवा दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस अवसर पर सुबह न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिल न्यायाधीश सिया रघुनाथदान ने विधिक सेवा दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इस संबंध में किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने राष्ट्रीय लोक अदालत, विद्यार्थियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

## लूणी में हेलिकॉप्टर मंडराये, जांच में जुटी पुलिस

■ लोगों में चर्चा का विषय बना

**बालोतरा**, (निसं)। बाड़मेर जिले में समदड़ी कस्बे के पास स्थित लूणी नदी में बुधवार को पांच से छह हेलिकॉप्टर का मंडराना व दो का लैंडिंग करना चर्चा का विषय बना हुआ है।

समदड़ी के नजदीक लूणी नदी के ऊपर बुधवार को अचानक पांच से छह सेना के हेलीकॉप्टर काफी देर आसमान में मंडराने के बाद अचानक दो हेलीकॉप्टर लूनी नदी में लेंडिंग को लेकर नीचे आ गए और अचानक लेंडिग करने से पहले ही वापस उडान भर ली।

इस तरह हेलीकॉप्टरों को नीचे आते देख आसपास के लोग भी हेलीकॉप्टरों को देखने उमडने लगे। साथ ही अचानक लेंडिग की सूचना को लेकर पुलिस व प्रशासन जानकारी लगाने में जुट गया हैं। बताया जा रहा हैं कि इस तरह पहले भी सेना के हेलीकॉप्टर अभ्यास को लेकर जोधपुर से उडान भरने के बाद सीमावर्ती जिले बाडमेर में आते जाते हैं। लूणी नदी में पिछली बार भी हेलीकॉप्टर उतारने का प्रयास किया था। इस बार भी उतारने का प्रयास किया मगर एकदम नीचे लाकर वापस उडान भरकर बाडमेर की तरफ पांच से छह हेलीकॉप्टरों ने उडान भरी जो लोगों के बीच कोतुहल का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों द्वारा अलग-अलग बातें कही जा रही है। वहीं अधिकारियों को इसको लेकर कोई सूचना नहीं थी।

समदडी तहसीलदार हनवंत सिंह देवडा, थानाधिकारी दाऊद खान ने कहा कि हमारे पास इसके संबध में कोई जानकारी नहीं हैं। हो सकता है जोधपुर में सेना का युद्ध अभ्यास चल रहा है। इसलिए नजदीक सीमावर्ती बाडमेर जिले का समदडी क्षेत्र जोधपुर बोर्डर से सटा है। इसके लिए किसी कारणवश हेलीकॉप्टरों को लेंडिग कराने का प्रयास किया हो और यह भी युद्धभ्यास का हिस्सा हो। इसको लेकर प्रशासन व पुलिस जानकारी में जुटा हुआ है।

## आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुशी छाई

**जोधपुर**, (कासं)। आरक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर ब्राह्मण समाज ने खुशी जाहिर की।

बताया गया कि आर्थिक रूप से पिछड़े ब्राह्मण समाज को आरक्षण का लाभ मिले, इस मांग को लेकर ब्राह्मण समाज ने सन 2002 में ब्राह्मण आरक्षण मंच की स्थापना की। ब्राह्मण आरक्षण मंच ने सम्पूर्ण राजस्थान में आरक्षण आंदोलन शुरू किया, विभिन्न शहरों में रैलियों का आयोजन किया गया। इसी दौरान सामाजिक न्याय मंच के तत्वावधान में कोलायत के विधायक देवी सिंह भाटी एवं करणसिंह उचियारडा के नेतृत्व में भी पिछडे वर्ग को आरक्षण दिलाने हेतु आंदोलन चल रहा था। अप्रैल 2003 में जोधपुर मे विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के संयोजक पूर्व महापौर घनश्याम ओझा ने बताया कि एडवोकेट हस्तीमल सारस्वत, न्यूरोसर्जन डा नगेंद्र शर्मा, पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच एवं स्थानीय ब्राह्मण समाज के अथक प्रयासों से रावण के चबूतरा मैदान में आयोजित विशाल रैली में करीब 2 लाख ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित हुए, रैली में पुरजोर यह मांग उठाई गयी कि हर कीमत पर ब्राह्मण समाज को आर्थिक आधार पर 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। सरकारों पर भारी दबाव बनाया गया, इस आरक्षण को कैसे लागू किया जाय इस बाबत राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने एक फॉर्मूला तैयार किया, जिसका नाम घनश्याम तिवारी आरक्षण फॉर्मूला दिया गया। इस रेली के तुरंत बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आर्थिक आधार पर अगडी जातियों को 14 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की। उसके बाद वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री कार्यकाल में घनश्याम तिवाडी के प्रयासों से इस विधेयक को विधान सभा में पारित करवाकर केंद्र सरकार को भेजा गया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई, तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेई ने राजस्थान प्रवास के दौरान शीघ्र ही एक आयोग का गठन कर अगडी जातियों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की घोषणा की, लम्बी लडाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगडी जातियो को आर्थिक आधार पर 1० प्रतिशत आरक्षण देने बाबत बिल लोकसभा व राज्यसभा में पारित करवाया, लेकिन इसे न्यायालय मे चुनौती देकर रद्द करने की मांग की गई । उच्चतम न्यायालय ने इस आरक्षण को सही ठहराकर आर्थिक रूप से कमजोर अगडी जातियों को राहत प्रदान की, जिससे ब्राह्मण समाज में हर्ष की लहर फैल गई।

## सार-समाचार

## सिवाना में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**सिवाना**, (निसं)। सिवाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवाना में 66 वीं जिला स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक (17 व 19 वर्ष आयु वर्ग) विद्यालयी छात्र छात्रा हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह कार्यक्रम बुधवार को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि रीको चेयरमैन सुनील परिहार, अध्यक्षता प्रधान मुकनसिह राजपुरोहित ने की। 19 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम स्थान महात्मा गांधी रा उ मा वि स्टेशन रोड बाडमेर ने प्राप्त किया। वही दूसरा स्थान, रा उ मा वि इंद्रोई व छात्रा वर्ग 19 वर्ष में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरा स्थान रा उ मा वि बोला ने प्राप्त किया। वही 17 वर्षीय छात्र वर्ग में रा. उ. मा. वि. इंद्रोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही छात्रा वर्ग 17 में प्रथम स्थान रा उ मा वि बीबडा ने प्राप्त किया। तथा दूसरा स्थान राजकीय बालिका उमावि सिवाना ने प्राप्त किया। विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मोटाराम मेघवाल, चेयरमैन रामनिवास आचार्य, समाजसेवी प्रकाश बालड, जोगेंद्र रांका, पहाडसिंह कुंडल, सतीश कुमार सोनी, सुरेश सांखला, भंवरुखां पङ्गान, जाकीर हुसैन बेलीम,अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड प्रदेश सचिव भगाराम मेघवाल, जितेंद्रसिंह नौसर, चंपालाल सुंदेशा, अजयसिंह परमार, पार्षद कांतिलाल सेन, सावलाराम प्रजापत सहित समाज बंधु उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक हनवंतसिह भायल, व्याख्याता पुखराज ओझा, अनिल सोनी, चेतन दवे, विनोद कुमार, शैतानसिंह, चैनसिंह, मनोहरसिंह भायल, सहित स्टाफ बंधु मौजूद रहे। मंच का संचालन चैनसिंह ने किया।

## रेवदर में प्रभात फैरी निकाली

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरोही से प्राप्त निर्देश की पालना में 9 नवम्बर को तालुका विधिक सेवा समिति, रेवदर की ओर से प्रभात फैरी का आयोजन किया गया। जिस पर अध्यक्षा श्वेता परमार ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेवदर में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली आम सडक से होती हुई, मुख्य बाजार रेवदर, सरेसी माता मंदिर, हॉस्पिटल तिराहे से होती हुई पुन: राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेवदर पहुंची। रैली को रवाना करते वक्त अध्यक्षा श्वेता परमार, एसडीएम दूदाराम, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनम सिंह सोलंकी, प्रधानाचार्य रामसिंह चौहान, व्याख्यता पोपटलाल छीपा, राधेश्याम, सचिव सुरेशदान चारण, पीएलवी प्रकाश कुमार, वरिष्ठ अध्यापक हंस कुमार जांगिड अध्यापक वासुदेव गर्ग, उवर्शी मीणा, शैतानसिंह, नारायणलाल, नरपतराम, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## जागृत बालाजी के वार्षिकोत्सव मनाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सायर पोल सिथत जागृत बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर मंगलवार प्रात: काल 5 बजे गाजे-बाजे के साथ लाडजी परिवार द्वारा ध्वजा चढाई गई। शाम को चंद्रग्रहण के पश्चात बालाजी के अभिषेक एवं पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गई। मंडल के महासचिव जगदीश रामावत ने बताया कि आरती के पश्चात विशाल भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक जोगेश्वर गर्ग, उपसभापति अंबालाल व्यास, मंडल संरक्षक भवानी सिंह धांधिया, रघुनाथ लोहार, मंडल अध्यक्ष गोकुल अरोडा, कोषाध्यक्ष जगदीश सोनी, उपाध्यक्ष कांतिलाल सोनी, ललित वैष्णव काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। मंच का संचालन ओम आचार्य फालना ने किया।

## डॉ. आतिफ ने पी. एच. डी. की

**जोधपुर**, (कासं)। वन अनुसंधान संस्थान डीम्ड विश्वविद्यालय के अधीन डॉ. आतिफ इकबाल ने ''स्टडीज ऑन ऐग्रोबैक्टिरियम मिडिएटेड ट्रन्सफोर्मेशन ऑफ एजाडिरेक्टा इडिका (नीम) फोर इनडक्शन ऑफ कोल्ड टोलरेन्स'' विषय पर विद्या वाचस्पति (पी. एच. डी.) की डिग्री प्राप्त की है। शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) के निदेशक एम. आर. बालोच भा.व.से. ने बताया कि आतिफ ने यह कार्य आफरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं समूह समन्वयक (शोध) डॉ. तरुण कान्त के निर्देशन में पूर्ण किया है। इसके परिणामों से पाला पड़ने के दौरान होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर शोध कार्य के लिए एक नई दिशा मिलेगी।

## कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

**सिणधरी**, (निसं)। सिणधरी उपखण्ड के चाडों की ढाणी में 66वीं जिला स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता के समापन हुआ। अतिथि रीको चेयरमैन एवं सुनील परिहार रहे। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया गया।


### जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर

प्रधान कार्यालय हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर- 343001

email : headoffice@jalorebank.com Contact No. 94614-40881

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/6175 ॥ निविदा ॥ दिनांक: 09/11/2022

बैंक को वर्ष 2023 के कैलेण्डर एवं डायरियां मुद्रण करवानी है। अत: इच्छुक फर्म दिनांक 16.11.2022 को सांय 04.00 बजे तक कैलेण्डर एवं डायरियां मुद्रण के भावपत्र सील बंद लिफाफे में प्रधान कार्यालय में प्रेषित करें। शर्ते, संख्या एवं अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com का अवलोकन करें। प्रारूप (नमूना) देखने हेतु प्रधान कार्यालय में सम्पर्क करें।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर

### भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

शाखा कार्यालय - शिव मार्ग, जैसलमेर (31172)

**कब्जा सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की **धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002** का सपठित नियम 3 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्त्ता) **श्री खुदा बक्स पुत्र श्री दीनू खान और श्री बबलू शर्मा पुत्र श्री श्रीकांत शर्मा** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र **दिनांकित 21/04/2022** को रूपये **2,07,327/- (अक्षरे राशि दो लाख सात हजार तीन सौ सत्ताईस रूपये मात्र)** दिनांक 21/04/2022 तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती) के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य दिनांक **04 माह नवम्बर वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्त्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार आवास ऋण खाता सख्या **61202172749** में कुल बकाया राशि रूपये **रू. 2,17,345/- (अक्षरे राशि दो लाख सत्रह हजार तीन सौ पैंतालीस रूपये मात्र)** दिनांक **04/11/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये **भारतीय स्टेट बैंक** के प्रभार के अध्यधीन होगा। ऋणग्रहिता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के हाल ही में संशोधित प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके तहत ऋणग्रहिता सार्वजनिक नीलामी द्वारा प्रतिभूत अस्तियों की बिक्री के लिए नोटिस के प्रकाशन की तारीख तक सार्वजनिक निलामी, कोटेशन आमंत्रित करके, सर्वसाधारण से निविदा आमंत्रित कर अथवा निजी संधि के द्वारा ,बैंक द्वारा किए गए सभी लागतों, प्रभारों और खर्चों के साथ बकाया देय राशि की पूरी राशि को निविदा कर सकता है। कृपया यह भी नोटकरेंकि यदिबैंक द्वाराकिए गए खर्च, प्रभारऔर खर्च के साथबकाया देय पूर्णराशिसार्वजनिकनीलामी द्वारा, कोटेशनआमंत्रित करके, सर्वसाधारणसेनिविदा द्वारा या निजी संधि द्वारा प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री के लिए नोटिस के प्रकाशन से पहले प्रस्तुत नहीं की जाती है तो आप प्रतिभूत अस्तियों को भुनाने के हकदार नहीं हो सकते हैं।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री खुदा बक्स पुत्र श्री दीनू खान** की सम्पत्ति जो कि **ग्राम एवं पोस्ट ग्राम देधा, तहसील और जिला जैसलमेर,** पर स्थित है।

**चतुः सीमाएं:**

| | |
|---|---|
| उत्तर में : सुमेर खान का घर | दक्षिण में : अलाबक्श का घर |
| पूर्व में: सामान्य मार्ग | पश्चिम में:सामान्य मार्ग |

दिनांक : 04/11/2022
स्थान : जैसलमेर

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

### यूको बैंक UCO BANK

(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking) सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

शाखा कार्यालयः- चोपासनी रोड, नसरानी सिनेमा के पास, सरदारपुरा जोधपुर (राजस्थान) -342002
फोन: (0291) 2633543, 2654703, ईमेल:- sardar@ucobank.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए निविदा सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। सूचना एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ताओं को दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा यूको के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। वसूली के लिए बैंक (सिक्योर्ड क्रेडिटर), 25.11.2022 को "जैसा है जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" यूको बैंक, **मैसर्स पहाना इंडस्ट्रीज** से सुरक्षित लेनदार के कारण 12,60,779.64 रुपये की वसूली के लिए। आरक्षित मूल्य रुपये होगा। 9.90 लाख और बयाना राशि रुपये होगी। 1.00 लाख।

| ऋणी/जमानती का नाम एवं पता | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि | वसूली राशि | सम्पति का विवरण | आरक्षित मूल्य रु. में | ब्याज की राशि रु. में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) प्रोपराइटर श्री रजत खंडेलवाल पुत्र रंजन खंडेलवाल, ई-9, साई विहार कॉलोनी, जालोर, पिन 343001 | 19.07.2021 | 17.08.2022 | 19-10-2022 की स्थिति के अनुसार 12,60,779.64 रुपये 18-10-2022 तक के ब्याज सहित और उसके बाद आगे के ब्याज और अन्य आकस्मिक शुल्क। | संपत्ति का विवरण:- प्लॉट नंबर ई-8, खसरा नंबर 2868, 6476/2869, 6792/2869, 2870, टी.एस. नंबर/गांव-जालौर सी साई विहार कॉलोनी, जिला- जालोर, राजस्थान पिन 343001, सीमाएं:- उत्तर में:- अन्य, दक्षिण में:- प्लॉट नंबर ई-09, पूर्व में:- रोड 30', पर पश्चिम:- प्लॉट नंबर ई-29 | 9.90 | 1.00 |

**नियम और शर्तें:** 1. बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगी। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पोर्टल में उपलब्ध/प्रकाशित हैं: (I) websites/web portal: (II) hltps://ibapi.in/ (II) https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp. 2. संपत्तियां "जहां है, जैसी है, जो भी है के अधार पर बेची जा रही हैं। 3. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति का विवरण अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन अधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **25-11-2022 को की जाएगी और दोपहर 01.00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी।** 5. बैंक एक प्रतिनिधि नियुक्त करे और स्व-बोली लगाए और नीलामी में भाग ले।

**दिनांक : 10/11/2022** **स्थान : जोधपुर** **मुख्य प्रबंधक और अधिकृत यूको बैंक (सुरक्षित लेनदार)**